an>

Title:Regarding the law and order situation in Uttar Pradesh.

श्री लल्लू सिंह (फ़ैज़ाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में लगातार कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है और गुण्डागर्दी, लूटपाट, कर्तव्यनिÂठ अधिकारियों की हत्याएं हो रही हैं। लगातार हमारे क्षेत्र में भी अभी 20-25 दिन के अन्दर 5-7 घटनाएं ऐसी हुई हैं कि उन्हें हम आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहते हैं।

11 नवम्बर की रात अयोध्या कोतवाली में आशापुर मजरे में बेलदारकेपुरवे में होमगार्ड के एक जवान को, उसके पूरे परिवार को कुछ लोगों ने बांधकर के मारा। उसी के बगल में शहनवा एक गांव है, दीनानाथ सिंह, जो ईंट भट्टे के कर्मचारी थे, उनके परिवार को भी मारा, महिलाओं को मारा, पूरे परिवार को मारा। उसमें 11 लोग जख्मी हुए हैं। उसी प्रकार से 16 तारीख पटरंगा थाना क्षेत्र में पटरंगा मंडी में सर्राफा के एक प्रतिÂिठत व्यापारी, जिनके यहां सुरक्षा व्यवस्था भी थी, उनके यहां उन सुरक्षा कर्मियों को बांध करके उस दुकान के सोने-चाँदी को लूटने का काम हुआ। वहां लगभग दस लाख रुपए की लूट हुई।

17 तारीख को पटरंगा थाना क्षेत्र में ही बारह बजे दिन में बाइक सेल्समैन अनूप कुमार जायसवाल से दो लाख से ज्यादा रुपए लूट लिए गए। 17 तारीख को ही कैलाश कौशल, जो मवई में सर्राफा के दुकानदार थे।

HON. DEPUTY SPEAKER: What is this? Do not raise State subjects. State subjects cannot be taken up during 'Zero Hour'.

...(*Interruptions*)

श्री लल्लू सिंह: महोदय, हम इस संबंध में केन्द्र सरकार से मांग कर रहे हैं।

HON. DEPUTY SPEAKER: No, you cannot raise these issues.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Shri Keshav Prasad Maurya,

Shri Sharad Tripathi,

Shri Ram Charitra Nishad,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Lallu Singh.